दिए गए गद्यांशों को पढ़कर उनके आधार पर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर (✔) का निशान लगाइए-

1

वर्तमान युग विज्ञापन का युग है। समाचार-पत्रों के अतिरिक्त रेड़ियो, टेलीविजन भी विज्ञापन के सफल साधन हैं। विज्ञापन का मूल उद्देश्य उत्पादक और उपभोक्ता में सीधा संपर्क स्थापित करना होता है। किसी पदार्थ का जितना अधिक विज्ञापन होगा, उतनी ही उसकी लोकप्रियता बढ़ेगी। विज्ञापनों पर धन में व्यय होता है परंतु ब्रिकी बढ़ती है। ग्राहक जब आकर्षक विज्ञापनों को देखता है, तो वह उन्हें खरीदने के लिए आकर्षित होता है।

(I) वर्तमान युग किसका युग है?

(क) विज्ञापन का ○ (ख) विज्ञान का ○ (ग) टी०वी० का ○

(ii) इनमें से कौन-सा विज्ञापन का साधन नहीं है?

(क) समाचार पत्र ○ (ख) टी०वी० ○ (ग) विद्यालय ○

(iii) अधिक विज्ञापन का क्या लाभ है?

(क) खुशियाँ मिलना ○ (ख) धन जाना ○ (ग) लोकप्रियता बढ़ना ○

(iv) विज्ञापनों पर धन तो व्यय होता है ________ इनसे बिक्री बढ़ती है।

(क) ओर ○ (ख) परंतु ○ (ग) क्योंकि ○